Dainik Jagran, Lucknow, Nov 01 2008

छात्रों का ज्ञान परखेगा टीसीएस

'टीसीएस आईटी क्विज' आठ नवम्बर को

लखनऊ, 31 अक्टूबर (जासं) : सूचना प्रौद्योगिकी के प्रति छात्रों में रुझान पैदा करने और उनके ज्ञान को परखने के लिये टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसेज (टीसीएस) आठ नवम्बर को एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आकर्षक पुरस्कार दिये जाएंगे। यह जानकारी टीसीएस के प्रमुख सलाहकार जयंत कृष्णा ने आज पत्रकारों से बातचीत में दी।

वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री कृष्णा ने कहा कि रवीन्द्रालय में आयोजित किये जाने वाले आईटी क्विज में यूपी और उत्तरांचल क्षेत्रों से कक्षा आठ से 12 तक के छात्रों को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता में शुरू के 600 आवेदनों को शामिल किया जाएगा। इसमें से अभी तक लगभग 510 आवेदन पंजीकृत हो चुके हैं। श्री कृष्णा ने बताया कि प्रतियोगिता में 600 टीमें हिस्सा लेंगी।

एक टीम में दो छात्र शामिल होंगे, जिनके बीच प्रतियोगिता होगी। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को लैपटाप, रनरअप को डिजिटल कैमरा तथा डीवीडी प्लेयर तथा अंतिम चरण की अन्य छह टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।